प्रोक्सी फार्मा ने जीता 'स्टार्ट अप इंडिया सीड फंड अवार्ड'

शहर की पहली बायो एवं एग्रोटेक कंपनी का मिला सम्मान

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

अमरावती, 13 मई - स्थानीय बोरगांव धर्माले स्थित ड्रीम्सलैंड बिजनेस पार्क स्थित 'वेंचर सेंटर, नेशनल केमिकल लैबोरेटरीज पुणे' में अनुसंधान में कार्यान्वित डॉ. मधुर मोटवानी (संस्थापक) व डॉ. प्रियदर्शनी मोटवानी (सह संस्थापक) की प्रोक्सी फार्मा प्रा. लि. कंपनी को स्टार्टअप इंडिया सीड फंड की तरफ से दस लाख का प्रतिष्ठित अवार्ड एमआईटी पुणे द्वारा अनुसंधान व विकास के लिए प्राप्त हुआ है.

यह कंपनी अपने ब्रांड पोशन फस्ट के अंतर्गत प्रमुखता से संतरे (पेक्टीन फाइबर) और अन्य फाइबर युक्त सब्जियां व फलों से अतड़ियों (इंटर्नस्टाईन) के अच्छे बैक्टीरिया (गुट मायक्रोबायोमाई) में रिसर्च कर यह शरीर के लिए कैसे अधिक उपयोगी होगा, इसका विकास करेगी. मुख्य उत्पादन व विस्तार शहर में होगा. उच्च रक्तदाब, उच्च कोलेस्ट्रॉल, मधुमेह, मोटापा (मेटाबॉलिक सिंड्रोम) पेशेंट के लिए यह उत्पादन वरदान सिद्ध होगा. उद्योग अमरावती में होने के कारण मुख्य लाभ विदर्भ के किसानों को होगा. उनके उत्पादन संतरे व अन्य फल व फाइबर युक्त सब्जियों को अतिरिक्त मूल्य प्राप्त होगा. जसोद मोटवानी यहां के सभी उत्पादन सम्बंधित कार्य संभालेंगे. नेहा मोटवानी अकाउंट, फाइनेंसियल व कंपनी संबंधित गतिविधियों में सहयोग करेंगी. जसोद व नेहा स्थानीय मधुर मार्केटिंग, मधुर सेल्स के संचालक एवं एएमए (अमरावती मैनेजमेंट एसोसिएशन) के सक्रिय सदस्य हैं. एएमए के नए उद्योजकों को प्रोत्साहित व मार्गदर्शन देती हैं. प्रॉक्सी फार्मा फूड प्रोसेसिंग की सबसे बेहतरीन टेक्नोलॉजी फ्रिज ड्राइंग द्वारा खाद्य पदार्थों को सरंक्षित करती हैं. इस पद्धति द्वारा खाद्य पदार्थ को लम्बे समय तक बिना कोई प्रिजर्वेटिव के उनके सम्पूर्ण गुणवत्ता, टेस्ट टेक्सचर, प्राकृतिक सुगंध के साथ सरंक्षित किया जा सकता है. फल एवं सब्जियों को फ्रिज ड्राई करके सही अनुपात में मिश्रण कर असाध्य व पुराने रोगों व व्याधियों का कुशलता पूर्वक इलाज कैसे कर सकते हैं, इसमें अनुसंधान व विकास का कार्य ही प्रॉक्सी फार्मा कर रही है. इसका फाइबर फॉर्मूला पेशेंट फाइल किया गया है. प्रॉक्सी फार्मा अपने उत्पादों के निवारक और चिकित्सीय लाभों को साबित करने के लिए क्लीनिकल ट्रायल्स करेगा, ताकि उन्हें आत्मविश्वास से और सुरक्षित रूप से एलोपैथिक मेडिसिन के साथ एकीकृत किया जा सके. डॉ. मधुर व डॉ. प्रियदर्शिनी ने एमआईटी टीबीयू द्वारा उनके आइडिया व रिसर्च में विश्वास करने का विशेष आभार माना है. उनके वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. उर्वी शाह (मेमोरियल स्लोन केयरिंग हॉस्पिटल, न्यूयार्क), बिजनेस मेंटॉर मुकेश मल्होत्रा (वैकफोल्डेड फूड प्रा. लि.), जिन्होंने अपने ज्ञान व अनुभव द्वारा व्यापारिक अंतरदृष्टि से अवगत कराया, इन सबका विशेष आभार माना है.